हादसा

विधायक, अध्यक्ष सहित भाजपाई पहुंचे घटनास्थल, हत्या की आशंका, पुलिस ने स्कॉर्पियो को किया जब्त

# भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र की सड़क दुर्घटना में मौत






**नवभारत, दमोह 12 मई।** सागर मार्ग स्थित एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी की जोरदार टक्कर से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई. प्रथम दृष्ट्या एक्सीडेंट का मामला नजर आ रहा है.

यह घटनाक्रम अब स्थानीय लोगों द्वारा दी जा रही जानकारी के आधार पर हिट एंड रन हत्या का मामला नजर आने लगा है. वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर जांच में जुटे हुए हैं. इधर टक्कर मारने वाली गाड़ी को नए बस स्टैंड के समीप छोड़कर आरोपियों के भाग जाने की जानकारी भी सामने आई है. दमोह के तीन गुल्ली तथा सागर नाका पुलिस चौकी के आगे उद्यान अधीक्षक और हुंडई एजेंसी के समीप दोपहर करीब 4.20 बजे रफ्तार का कहर देखने को मिला.सागर रोड पर उद्यान नर्सरी के सामने एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी ने एक बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और बाइक सवार को रौंदते हुए मौके से निकल गई.

### घटना के बाद लगी भीड़

घटना के बाद तत्काल मौके पर लोगों की भीड़ लग गई तथा पुलिस को सूचना दी गई. एक्सीडेंट के शिकार व्यक्ति की पहचान भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर के रूप में की गई. भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष की मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होते ही भाजपा श्याम शिवहरे अध्यक्ष, पूर्व मंत्री विधायक जयंत मलैया,सिद्धार्थ सहित वरिष्ठ नेताओं,पदाधिकारी के अलावा राजपूत क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए.

### हिट एंड रन की आशंका

इधर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचकर जांच कार्रवाई शुरू करने में देर नहीं की. स्थानीय लोगों द्वारा उनकी बाइक को टक्कर मारने के बाद उनके ऊपर स्कॉर्पियो गाड़ी चढ़ा कर आगे पीछे किए जाने जैसी जानकारी भी समाज के लोगों ने दी, जिसके चलते हिट एंड रन हत्या की आशंका भी जताई जाने लगी है.

### विधायक जयंत मलैया के करीबी थे देवेंद्र

जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर पिता पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया के कट्टर समर्थक रहे हैं.वहीं कोरांसा बरमासा क्षेत्र में जहां कल जल संकट को लेकर चक्का जाम प्रदर्शन किया गया था.वहां के निवासी थे.

### निष्पक्ष जांच की मांग

भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व वित्त मंत्री विधायक जयंत मलैया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे,सिद्धार्थ मलैया,पूर्व मंडल अध्यक्ष अखिलेश हजारी सहित अनेक पदाधिकारी,राजपूत क्षत्रिय समाज से राकेश सिंह हजारी,राजकिशोर राशू चौहान सहित बड़ी संख्या में समाज जनों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच करवाई की अपेक्षा की है.

### एफएसएल अधिकारी पहुंचे घटनास्थल




मंगलवार शाम वह अपनी बाइक क्रमांक एमपी 34-5650 से गांव जाने के लिए तीन गुल्ली तरफसे निकले थे. तभी संजय निकुंज के सामने पीछे से आ रही सफेद कलर की स्कॉर्पियो कार क्रमांक एमपी 04 एसजे 0999 उनको टक्कर मारते हुए कुचलकर निकल गई. बाद में इस गाड़ी के सागर रोड बाईपास पर निर्माणाधीन बस स्टैंड के पास छोड़कर आरोपियों की भाग जाने की जानकारी सामने आई है. घटना को गंभीरता से लेते हुए सागर से एफएसएल अधिकारी आरसी अहिरवार टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे.

**एसपी और एएसपी पहुंचे**-घटना के बाद एसपी आनंद कलादगी ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया तथा घटना के हर पहलू को लेकर जांच करवाई के निर्देश दिए.इधर एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया,सीएसपी एचआर पांडे के निर्देशन में कोतवाली तथा देहात थाना टीआई अमित गौतम, चौकी प्रभारी विक्रम दांगी व पुलिस टीम जांच में जुटी हुई.



# बिना डॉक्टर कैसे होगा इलाज, 45 गांवों के लोग परेशान

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी अव्यवस्था का शिकार, मरीज भटकने मजबूर, तीन माह से ठप हैं स्वास्थ्य सेवाएं

**अमर सेन**

**कुम्हारी नवभारत 12 मई।** शासन-प्रशासन जहां स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रचार प्रसार में अपनी डफली अपना राग बजाती है, वहीं जमीन स्तर पर इसका आलम कुछ और ही नजर आता है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी, लुहारी, बनगांव में डॉक्टर नहीं होने से मरीज परेशान हो रहे है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी जहां से 40 से 45 गांव जुड़े हुए हैं, लेकिन यहां डॉक्टर नहीं होने के कारण मरीज भटकते रहते हैं और प्राइवेट डॉक्टर से इलाज कराने के लिए मजबूर हैं। कुम्हारी से दमोह जिले की दूरी लगभग 45 किलोमीटर है, यदि गंभीर मरीज को वहां तक ले जाते हैं तो वह रास्ते में ही दम तोड़ देता है।

### पटेरा में दो डॉक्टर पदस्थ

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा की दूरी 21 किलोमीटर है और वहां दो डॉक्टर पदस्थ हैं, जिन्हें 12-12 घंटे सेवाएं देनी पड़ती हैं। कुम्हारी स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व में पदस्थ डॉ. दीपेश अहिरवार का अटैचमेंट बटियागढ़ कर दिया गया है। यहां की स्वास्थ्य सेवाएं बिना डॉक्टर के तीन माह से ठप पड़ी हुई है। फार्मासिस्ट 3 दिन के लिए कुम्हारी में सेवा देते हैं और तीन दिन कुंडलपुर में सेवाएं दे रहे है।

### ई-क्लिनिक की सेवा भी हो गई बंद

पूर्व में ई क्लिनिक की सेवाएं ऑनलाइन संचालित थी, जिससे कुछ राहत मिलती थी, मगर ठेकेदारों के चलते टेंडर खत्म हो गया और अब यह सेवा भी बंद हो गई है। क्षेत्र की जनता ने जिले की मुखिया से गुहार लगाई है कि कुम्हारी में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉक्टर पदस्थ किया जाए।

### स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित वेतन नहीं मिल रहा

सामुदायिक स्वास्थ्य पटेरा में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मियों का नियमित वेतन भी नहीं मिल रहा है। 3 माह बाद एक माह का वेतन मिलता है, जिससे कर्मचारियों में भी आक्रोश नजर आ रहा है। जानकारी के मुताबिक लगभग 1 वर्ष में दो से तीन माह का पेमेंट दबा कर वह चलते हैं, जिससे कर्मचारी भी परेशान नजर आते हैं।

### आए दिन बनती है विवाद की स्थिति

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिसमें कुम्हारी लुहारी, बनगांव आते है यहां की स्वास्थ्य सेवाएं बिना डॉक्टर के प्रभावित हो रही है। डॉक्टर नहीं होने से स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्टॉफ भी परेशान हैं। इलाज को लेकर वाद विवाद की स्थिति आए दिन बन रही है। सड़क हादसे में जब प्राथमिक इलाज भी नहीं मिलता तो परिजन स्वास्थ्य अमले से वाद विवाद करते हैं।

**इनका कहना है**

डॉक्टरों की कमी को लेकर जिले से पत्राचार किया गया है। डिमांड लेटर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी, लुहारी, बनगांव में डॉक्टरों की कमी की जानकारी भेजी गई है।

**डॉ. आरआर बागरी,**
**बीएमओ पटेरा**

## एक नजर में

### प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार का आगमन आज

**नवभारत, दमोह।** प्रदेश के उच्च शिक्षा,तकनीकी शिक्षा व आयुष मंत्री तथा दमोह जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार 13 मई बुधवार को भोपाल से राज्यरानी एक्सप्रेस द्वारा दमोह पहुंचेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे अपरान्ह 5 :40 बजे भोपाल से प्रस्थान करेंगे और रात्रि 11 बजे दमोह पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।प्रभारी मंत्री श्री परमार 14 मई गुरुवार को प्रात: 11 बजे कोर कमेटी की बैठक में,प्रात: 11 :30 बजे कलेक्टर कार्यालय में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे।बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं व प्रगति कार्यों की समीक्षा की जाएगी।समीक्षा बैठक के बाद मंत्री श्री परमार अपरान्ह 4 बजे दमोह से प्रस्थान करेंगे।इसके पश्चात अपरान्ह 4 :30 बजे शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय बनवार में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### पूजा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**नवभारत,दमोह।** फांसी लगाकर जान देने का मामला सामने आया है। प्रधान आरक्षक सतेंद्र दुबे ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की। मृतिका पूजा आदिवासी निवासी बांसनी, चौकी सागर नाका की बताई गई है।

### नरसिंहगढ़ का ऐतिहासिक उर्स मुबारक आज से

**नवभारत,दमोह ।** नरसिंहगढ़ में हजरत सैयद बाबा तैयब अली शाह साहब का 245वां कौमी एकता का प्रतीक उर्स मुबारक हर साल की तरह इस साल भी बड़ी शानो शौकत के साथ मनाया जाएगा। नरसिंहगढ़ उर्स कमेटी के सचिव आसिफ अंजुम ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्स में देश प्रदेश से हर वर्ग हर समाज के हजारों अकीदत मन्दों के साथ जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। उर्स का आगाज शाही सन्दल व चादर से 13 मई बुधवार को नया बाजार दमोह में शाम 7 बजे चादर शरीफकी जियारत होगी। जियारत के बाद के बाद रात 11 बजे नरसिंहगढ़ में दरगाह शरीफ पर गुस्ल परम्परा के बाद सन्दल व चादर शरीफ पेश की जाएगी।

**कल शाफेज साबरी कव्वाल कलाम पेश करेंगे**-14 मई जुमेरात को बाद नमाज ईशा रात 9 बजे से जिक्रे हल्का शरीफके बाद मीलाद शरीफमें मौलाना तहसीन रजा मौलाना बाबर रजा हाफ़िज खलील रजा, गुलाम गौस रजा के अलावा मुकामी उल्मा व शौरा हजरात तकरीर व कलाम पेश करेंगे। इसके बाद महफ़िले सिमा होगी, जिसमें शावेज शाफेज साबरी कव्वाल शरीफलखनऊ उत्तर प्रदेश अपने कलाम पेश करेंगे। 15 मई जुमा को रात 9 बजे से महफ़िले कव्वाली का शानदार आयोजन होगा।

### बीएमओ ने कलकुआ और मजरा में टीकाकरण का लिया जायजा

**दमोह।** सिविल अस्पताल हटा बीएमओ डॉ.उमाशंकर पटेल ने कलकुआ और मजरा गांव में चल रहे टीकाकरण सत्र का जायजा लिया। कलकुआ और मजरा दोनो केंद्रों पर एएनएम,आशा कार्यकर्ताओं से ड्यू लिस्ट,टीकाकरण वाले बच्चो और गर्भवती महिलाओं की संख्या आदि के विषय मे चर्चा कर जानकारी ली और आदिवासी अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं के विषय मे दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीसीएम देवेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रम सिह परिहार मौजूद रहे। डॉ. उमाशंकर पटेल ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को रिपोर्टिंग,रोस्टर आधार पर कार्य, हितग्राहियों को चिन्हित कर स्वास्थ्य परीक्षण आदि के निर्देश दिए।

# चोरी के मवेशी ले जा रही पिकअप पकड़ी

पुलिस ने गश्त के दौरान की कार्यवाही, चालक फरार



**कुम्हारी नवभारत 12 मई।** क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और सक्रियता से मवेशियों से लदी पिकअप पकड़ी गई। जानकारी के अनुसार डायल 112 पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी, तभी संदिग्ध वाहन का पीछा किया। पड़री के जंगल में चालक ने पिकअप को खड़ा किया और फरार हो गया।

पिकअप क्रमांक एमपी 20 जीए 7283 में दो भैंस और एक पड़ा लदा हुआ था। बताया जाता है कि वाहन में चोरी कर ले जाए जा रहे मवेशी बरामद हुए। कुम्हारी निवासी बिलू यादव पेट्रोल पंप में रात में ड्यूटी करता हैं। सुबह उनकी पत्नी ने उन्हें बताया कि घर से भैंस चोरी हो गई है। बिलू यादव ने थाने में सूचना दी। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए थाना प्रभारी बृजेश पांडे के निर्देश में कार्यवाही करते हुए मवेशियों को सुरक्षित कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लगातार गश्त से अपराधियों पर लगा अंकुश

स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि लगातार गश्त और सतर्कता के कारण अपराधियों पर अंकुश लग रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इसके पूर्व में भी मवेशी चोरी की घटनायें हुई हैं।



# जंगली सुअर के चार शिकारी गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह।** मड़ियादो वनपरिक्षेत्र अधिकारी जे.पी मिश्रा के नेतृत्व में मड़ियादो बफरजोन अमले ने वन्य जीव जंगली सुअर शिकार मामले में चार शिकारियों को पकड़ा है। वनपरिक्षेत्र अधिकारी जेपी मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पाली वीट के गोरईया टोला में अज्ञात वाहन की टक्कर से सुअर के घायल व म्रत्यु उपरान्त मांस काटने व पकाकर खाने के मामले में एक घर और परिसर से खून से लथपथ साड़ी, हंसिया आदि जब्त किया गया। उसके बाद डॉग स्क्वॉड की सर्चिंग में सुअर के बाल, उबला मांस आदि भी बरामद किया गया है। मामले में सरस्वती आदिवासी, कनई आदिवासी, गुज्जु आदिवासी को गिरफ्तार किया गया और अन्य आरोपियों की भी पतासाजी की जा रही है।

# नदी में नहा रहे युवक पर मगरमच्छ का हमला



लोगों ने बचाई जान, जिले के दिनारी गांव की घटना

**नवभारत, दमोह 12 मई।** जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले दिनारी गांव में मंगलवार दोपहर ब्यारमा नदी में नहा रहे एक युवक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. नदी में नहा रहे दूसरे लोगों ने युवक को बचाया और तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों द्वारा युवक का इलाज किया जा रहा है. युवक के पैर में गंभीर घाव है. घायल की पहचान 18 वर्षीय अभिषेक सिंह राजपूत के रूप में हुई है. घायल के भाई आशीष सिंह राजपूत ने बताया कि उनका भाई मंगलवार दोपहर ब्यारमा नदी में नहाने गया था. वह प्रतिदिन नहाने जाता था. नहाते समय पीछे से मगरमच्छ ने हमला कर दिया और पैर दबाकर पानी में खींचने का प्रयास किया.

**वन विभाग ने आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई**-नदी में नहा रहे दूसरे लोगों ने भाई के चिल्लाने की आवाज सुनी. उन्होंने पत्थर मार कर पहले मगरमच्छ को भगाया और भाई को खींचकर नदी से बाहर निकाला और तत्काल परिजनों को सूचना दी. परिवार के लोग नदी पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आएं.वन विभाग को जानकारी लगने के बाद वनमंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे, तेजगढ़ रेंजर नीरज पांडे, रेंजर विक्रम चौधरी के निर्देशन में वन कर्मी मयंक व अनवर ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई।



# हथगोला, चाकू एवं कार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह 12 मई।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देश पर अवैध गति वधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. महाराणा प्रताप स्कूल के पास खड़ी दो कारों से हथगोला और चाकू के साथ दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया गया है.

बता दें कि पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को सूचना तंत्र मजबूत कर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए है. 12 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि महाराणा प्रताप स्कूल के पास दो फोरव्हीलर कार में कुछ संदिग्ध व्यक्ति बैठे हैं. सूचना की तस्दीक के लिए कोतवाली स्टाफ को मौके पर भेजा गया. पुलिस ने घेराबंदी कर स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 34 सीए 6013 व सिल्वर रंग की बोलेनो कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ 2735 को पकड़ा.




# नि:शुल्क प्याऊ राहगीरों को प्रदान कर रहा राहत

सामाजिक संस्था लीनेस क्लब की सराहनीय पहल

**नवभारत, दमोह 12 मई।** भीषण गर्मी को देखते हुए नगर की सामाजिक संस्था लीनेस क्लब की सदस्य तनु सुरेखा द्वारा बस स्टैण्ड के पास बाईपास रोड में एक नि:शुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इस प्याऊ में राहगीरों व आम नागरिकों को ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है. प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यहां रुककर पानी पी रहे हैं और गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि तेज धूप और बढ़ते तापमान में इस प्रकार की व्यवस्था मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्याऊ संचालक एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रियंका सुरेखा ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह सेवा शुरू की गई है, जो पूरे गर्मी सीजन तक जारी रहेगी। साथ ही लोगों से पानी बचाने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की गई।

मनमानी

एस डी एम ने तलब किये दस्तावेज

# पटवारी ने तहसील ही करा ली अपने नाम

**राजेश राज**

**तेंदुखेड़ा, नवभारत।** नगर में बने तहसील कार्यालय की जमीन एक आदिवासी महिला दंतों बाई की थी, जिस पर शासन ने तहसील बना ली पर वर्षो बाद भी महिला को बतौर मुआवजा एक रुपये भी शासन से नहीं मिला। तत्कालीन पटवारी जगदीश मेमर ने महिला को अपने झांसे में लेकर कि शासन से पैसा दिलायेंगे, उसकी बातों में आकर महिला ने 2008 में रजिस्ट्री करवा दी मगर महिला को आज दिनांक तक एक धेला भी नहीं मिला।



दो वर्ष पूर्व महिला ने तहसील के बाजू से अपनी जमीन पर नीव खोदने का प्रयास किया तो उस पर शासन ने रोक लगा दी, जिसपर दन्तो बाई ने विवाद किया था पर कुछ हल नहीं निकला। वह बार बार शासन से जमीन का मुआवजा मांग रही थी पर कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। इस बीच कुछ लोगो द्वारा कब्जा करने की कोशिश की बात जब एस डी एम छोटे गिरी गोस्वामी तक पहुंची तब और जानकारी ली गईं तब पता चला की तहसील की जमीन पटवारी ने खुद के परिवार के नाम दर्ज करा ली है।

### एस डी एम ने मांगे दस्तावेज

जानकारी लगने पर एस डी एम ने तत्कालीन पटवारी जगदीश से जमीन के पूरे दस्तावेज तलब किये हैं। उल्लेखनीय है नवभारत ने पूर्व में तहसील की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश शीर्षक से दिनांक 2- 11- 24 को समाचार प्रकाशित किया था, लेकिन तब इस मामले को ज्यादा अहमियत नहीं दी गई। अब जब यह जानकारी मौजूदा एस डी एम को लगी और यह भी ज्ञात हुआ कि तहसील की जगह में प्लाट काटकर बेचे जा रहे हैं तो एस डी एम ने संज्ञान लिया। उन्होंने और जुटाई तो पता चला की पटवारी ने दन्तो बाई के साथ चार सौ बीसी कर खुद के परिवारजनों के नाम जमीन 2008 में करवा ली थी।

**इनका कहना है**

तहसील 1984 में बनी थी और आस पास कुछ मकान बने थे। अब शासन पर दबाव बनाकर तहसील की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। तत्कालीन पटवारी से जमीन के दस्तावेज मांगे गए हैं।

**छोटे गिरी गोस्वामी, एसडीएम**
**तेंदूखेड़ा**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, नजूल नवकरण, दमोह**

**- उद्घोषणा -**

क्रमांक क/प्रवा.न.नव. / 2026-27
दमोह, दिनांक :- 05/05/2026

आवेदक सुयश जैन पिता किशोर जैन निवासी सिविल वार्ड नं. 02, दमोह द्वारा इस न्यायालय में फौतीनामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक दादी शांतिबाई उर्फ सुहागरानी पति डा. ज्ञानचंद चौधरी निवासी दमोह द्वारा बैनामा दिनांक 15.06.1960 के माध्यम से नजूल शीट नं 32-43 प्लाट नं. 3605/1 रकवा 3194 मकान विक्रेता प्रेमलता देवी पति रवी चंद्र से कय किया गया गया था। बैनामा के आधार पर फौतीनामांतरण हेतु निवेदन किया है। उक्त नजूल शीट नं 32-43 प्लाट नं. 3605/1 रकवा 3194 मकान पर वर्तमान अभिलेख में बालकिशुन पिता वासुदेव राव पंडित सा. दमोह का नाम दर्ज है।

अतएव उक्त के संबंध में वर्तमान में नजूल शीट नं 32-43 प्लाट नं. 3605/1 रकवा 3194 मकान के धारक बालकिशुन पिता वासुदेव राव पंडित सा. दमोह को उक्त नामांतरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो वह अथवा विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से समक्ष में उपस्थित होकर दिनांक 15.05.2026 को प्रात: 11.00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

पश्चात म्यांद गुजरने किसी प्रकार की कोई आपत्ति सुनवाई में ग्राह्य नहीं की जा सकेगी।

आज दिनांक 08.05.2026 को न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**नजूल नवकरण दमोह**